पंजाब समस्या के हल के लिए पहल

1383. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने पंजाब समस्या को हल करने के लिए कोई नई पहल की है; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में रज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) और (ख) सरकार पंजाब समस्या को सुलझाने के लिए निष्ठा पूर्वक प्रयास करने के लिए वचनबद्ध है तथा इस समस्या का हल ढूंढने के लिए आवश्यक कोई भी नया कदम उठाने के लिए तत्पर है। सरकार सभी बिना सुलझाए मुद्दों का विस्तृत हल ढूंढने के लिए भी वचनबद्ध है। इस बात को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित प्रयास भी किए जायेंगे कि उग्रवादियों के साथ मिले हुए विभ्रान्त युवक सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों की मुख्य धारा में लौट जाएं तथा हिंसा और आतंकवाद से दूर रहें। सरकार उन सभी व्यक्तियों के साथ बात-चीत करने के लिए तैयार है, जो भारत के संविधान के ढांचे को स्वीकार करने को तैयार हों और देश की क्षेत्रीय अखण्डता तथा प्रभुसत्ता को खतरे में न डालते हों। पंजाब में सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया पुनः कायम करने के अपने जारी प्रयास के एक भाग के रूप में प्रधान मंत्री हाल में विपक्षी दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रहे हैं।

केन्द्रीय सरकार के अधीन कार्य करने के लिये राज्यों के सशस्त्र बल

1384. **श्री अजीत जोगी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न राज्यों के सशस्त्र बलों की कितनी बटालियनें केन्द्रीय सरकार के अधीन कार्य कर रही हैं;

(ख) क्या कुछ राज्य सरकारों ने इसके परिणामस्वरूप उन्हें हो रही कठिनाइयों से केन्द्रीय सरकार को अवगत कराया है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इन बटालियनों को संबंधित राज्यों में कब तक वापस भेज दिए जाने की संभावना है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. एम. जैकब) : (क) केन्द्रीय सरकार ने कुछ राज्य सशस्त्र पुलिस बटालियनों की 28 कम्पनियां देश के विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में तैनात करने के लिए भेजी हैं।

(ख) जी नहीं, श्रीमन्।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

University Special D.T.C. Buses

1385. DR. YELAMANCHILI SIVAJI: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are awara that D.T.C. runs University Special to various colleges 'of Delhi;

(b) if so what, is their number and frequency college-wise;

(c) whether D.T.C. runs Special Buses for Lady Shri Ram College also and if so, how many and what are their timings and routes;

(d) whether Government are aware that unauthorised commuters are allowed entry/use of 'LSR' Specials on Pitampura, 'LSR5 and Janakpuri 'LSR' Buses which results in lot of inconvenience to girl students of
Lady Shri Ram College; and

(e) what steps Government propose to take to remedy the situation to avoid any mishap due to overcrowding in the 'LSR' Special as sometimes these genuine Lady students hang on the footboards to avoid loss of studies?